10. विद्यार्थियों को समाज सेवा करनी पड़ी।
12. आपको कल कितने बजे उठना पड़ेगा।
13. हमें पैदल घर जाना पड़ेगा।
14. मुझे लखनऊ में गाड़ी बदलनी पड़ेगी।
15. भारत को उग्रवाद से सख़्ती से निबटना पड़ेगा।

Key 67

2. बनानी
3. पढ़नी
4. पकानी
5. जाना
6. दौड़ना
7. पालने
8. मदद करनी
9. आना
10. देनी
11. लेनी
12. करना
13. मानना
14. सोना
15. ख़रीदना

Key 68

2. उन्हें पर्याप्त परिश्रम करना चाहिए।
3. तुम्हें बहुत व्यर्थ खर्च नहीं करना चाहिए।
4. तुम्हें बड़ों की सेवा करनी चाहिए।
5. आपको बेकार परेशान नहीं होना चाहिए।
6. विद्यार्थियों को पुस्तकालय में बैठ कर पढ़ना चाहिए।
7. आप को देर से नहीं सोना चाहिए।
8. पिता जी को आराम करना चाहिए।
9. उसे उधार नहीं माँगना चााहिए।
10. आपको हिन्दी ज़्यादा बोलनी चाहिए।
11. उसे सदा दूसरों की आलोचना नहीं करनी चाहिए।
12. तुम्हें शोर नहीं मचाना चाहिए।

Key 69

2. आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए था।
3. उनको रोज़ 'रेस्टोरेन्ट' में नहीं खाना चाहिए था।
4. आपको मेरे यहाँ ठहरना चाहिए था।
5. तुम्हें घर साफ़ करना चाहिए था।
6. आपको अपनी पुस्तक लानी चाहिए थी।
7. उसको अपने पिता जी से मिलने जाना चाहिए था।
8. उसको परीक्षा की तैयारी ठीक से करनी चाहिए थी।
9. तुमको (इतना) समय नहीं गँवाना चाहिए था।
10. छात्रों को अध्यापक का अनादर नहीं करना चाहिए था।
11. आपको दिनभर वर्षा में नहीं भीगना चाहिए था।
12. उनको मेरी बात का यकीन करना चाहिए था।

Key 70

3,5,12,14. चाहिए होगा। 2,4,9,13. चाहिए होगी।
6,10. चाहिए होंगे। 7,8,11. चाहिए होंगी।

Key 71

2. तुम्हें चाहिए कि तुम शीघ्र डाक्टर के पास जाओ।
3. आपको चाहिए कि आप शादी पर बहुत धन न खर्चें।
4. तुम्हें चाहिए कि तुम सर्दियों में भारत आओ।
5. उसे चाहिए कि वह रोज हिन्दी बोले।
6. आपको चाहिए कि आप पहले से गाड़ी का टिकट खरीदें।
7. उनको चाहिए कि वे प्रतिदिन दूरदर्शन पर समाचार देखें।
8. आपको चाहिए कि आप भारतीय मित्रों के साथ अधिक समय बिताएँ।

9. तुम्हें चाहिए कि बहुत परिश्रम करो।

10. रानी को चाहिए कि घर के काम में अपनी माता जी की मदद करे।

Key 72

1. चाहती हूँ। 3. चाहते हो? 4. चाहता है। 2,5. चाहते हैं।
7. चाहता था। 8. चाहती थी। 9. चाहते थे। 10. चाहती थीं।
12. चाहेंगे 13. चाहेंगी 14. चाहेगी। 15. चाहेंगे।

Key 73

2. .... पढ़ाना चाहती हूँ।
3. .... करना चाहते हो?
4. .... रहना चाहते हैं?
5. .... देखना चाहते हैं?
6. .... सीखना चाहती है।
7. .... तैरना चाहते हैं।
8. .... खेलना चाहते हैं।
9. .... पीना चाहते हैं।
10. .... सुनना चाहते हैं।
11. .... लिखना चाहती है।
12. .... जाना चाहता है।
13. .... मानना चाहता हूँ।
14. .... जाना चाहती हैं।

Key 74

2,3. लगता है। 4, 5. लगते हैं। 7,8,10. लगे। 9. लगा।
12. लगेंगे। 13, 14. लगेगी।

Key 75

2. सकता है। 3. सकती हो। 4. सकते हैं। 5. सकते हैं?
7,10. सकीं। 8. सका। 9. सके। 12. सकेंगे।
13. सकेंगी? 14. सकेगी। 15. सकेगा?

Key 76

2. .... जा सकेंगे।
3. .... कर सकोगे।
4. .... कर सकेंगे।
5. .... कर सकूँगा।
6. .... लौट सकेंगे।
7. .... कर सकूँगा।
8. .... कर सकोगे।
9. .... पढ़ सकूँगा।
10. .... सिखा सकेंगे।

Key 77

2. .... जा नहीं सकती।
3. .... सो नहीं सकते।
4. .... बन नहीं सकता।
5. .... पढ़ा नहीं सकते।
7,8. .... जा नहीं सके।
9. .... कह नहीं सका।
10. .... जा नही सकीं।
12. .... जा नहीं सकूँगी।
13............. बन नहीं सकेगा।
14. .... मिल नहीं सकेंगे।
15. .... रह नहीं सकेगा।

Key 78

1. क्योंकि वह बहुत दिनों से बीमार है, इसलिए बहुत चिड़चिड़ा हो गया है।
2. क्योंकि मैं बहुत धनी नहीं हूँ, इसलिए हमेशा मैं हवाई जहाज़ से सफ़र नहीं कर सकती।
3. क्योंकि कल दिनभर बिजली नहीं थी, इसलिए मैं पढ़ नहीं पाई।
4. उसे इसलिए नौकरी से निकाल दिया गया, क्योंकि वह बहुत रिश्वतखोर था।
5. क्योंकि आज बहुत गर्मी है, इसलिए हम वातानुकूलित टेक्सी से जाएँगे।
6. रानी को पढ़ाई के साथ साथ, इसलिए नौकरी करनी पड़ती है क्योंकि वह ग़रीब है।
7. आज कमला इसलिए दफ़्तर नहीं आएगी, क्योंकि वह बीमार है।

Key 79

2. मैं चाहता/चाहती हूँ कि आप विदेश जाएँ।

3. मैं चाहता/चाहती हूँ कि आप जल्दी सोएँ और जल्दी उठें।
4. मैं चाहता/चाहती हूँ कि तुम समय नष्ट न करो।
5. मैं चाहता/चाहती हूँ कि तुम बड़ों का कहना मानो।
6. मैं चाहता/चाहती हूँ कि तुम रोज़ बाहर न खाओ।
7. मैं चाहता/चाहती हूँ कि आप बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दें।
8. मैं चाहता/चाहती हूँ कि तुम रोज़ सुबह सैर करने जाओ।
9. मैं चाहता/चाहती हूँ कि आप हवाई जहाज़ से सफ़र करें।
10. मैं चाहता/चाहती हूँ कि तुम धूम्रपान न करो।

Key 80

2. मेरा भाई चाहता है कि वह अमरीका जा कर पढ़े।
3. राजू चाहता है कि वह कुत्तों का डाक्टर बने।
4. मैं चाहता हूँ कि मैं वैज्ञानिक बनूँ।
5. मेरी बेटी चाहती है कि वह ज़्यादा से ज़्यादा भाषाएँ सीखे।
6. हम चाहते हैं कि (हम) आप के साथ भारत भ्रमण करें।
7. मैं चाहती हूँ कि मैं व्यापार करके जल्दी धनी होऊँ।
8. मेरे बच्चे चाहते हैं कि वे गर्मी की छुट्टियों में हिमाचल प्रदेश जाएँ।
9. हम चाहते हैं कि इस वर्ष (हम) दीवाली दिल्ली में मनाएँ।
10. मैं चाहती हूँ कि कुछ समय समाज सेवा करूँ।
12. माता जी चाहती हैं कि वे मेरी शादी जल्दी करें।
13. रानी चाहती है कि वह अपनी सहपाठिनों को जन्मदिन पर बुलाए।
14. मैं चाहती हूँ कि विदेश जा कर पढ़ूँ।
15. अनिल चाहता है कि वह सरकारी नौकरी करे।
16. मैं चाहती हूँ कि प्रधानाचार्य से मिलकर बात करूँ।
17. राबर्ट चाहता है कि वह भारत आकर हिन्दी सीखे।
18. हम चाहते हैं कि आगामी गर्मी की छुट्टियों में काश्मीर जाएँ।
19. वे चाहते हैं कि अपनी सब जायदाद बच्चों के नाम कर दें।
20. मेरी बहन चाहती है कि वह अपने बच्चों को संस्कृत सिखाए।

21. मैं चाहती हूँ कि छात्रावास में रहूँ।
22. मेरा भाई चाहता है कि क्रिकेट का खिलाड़ी बने।

Key 81

3. शायद आज आँधी आए।
4. हो सकता है पिता जी जून में अमरीका जाएँ।
5. हो सकता है मैं आज माता जी को फोन करूँ।
6. शायद हम शाम को सिनेमा देखने जाएँ।
7. शायद मैं अगले वर्ष फ्रांसीसी सीखूँ।
8. हो सकता है वे नया मकान बनवाएँ।
9. शायद यहाँ एक नया पुल बनाया जाए।
10. शायद/हो सकता है अगले हफ़्ते उनका विवाह हो।
11. हो सकता है हमारे शहर में एक बड़ा होटल बनाया जाए।
12. शायद मैं अगले महीने विदेश जाऊँ।
13. हो सकता है वह कक्षा में प्रथम आए।
14. शायद मैं गर्मी की छुट्टियों में घर न जाऊँ।

Key 82

2. वे आपसे मिलकर बात करना चाहेंगे।
3. वे बनारस में रेशमी साड़ियाँ खरीदना चाहेंगी।
4. वह तुम्हें दावत मे बुलाना न चाहेगी।
5. वह भारत आकर हिन्दी सीखना चाहेगा।
6. वह तुम्हीं से शादी करना चाहेगा।
7. वे संगीत और नृत्य गोष्ठियों में जाना नहीं चांहेंगे।

Key 83

2. मैंने फ़िल्म देखी।
3. उसने भारत जाकर हिन्दी बोली।
4. माता जी ने हमारे लिए खाना बनाया।
5. पिता जी अमरीका से क्या लाए?
6. हमने आपकी प्रतीक्षा की।
7. प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को इनाम दिया।
8. डॉक्टर ने मरीज़ को देखा।
9. मैंने अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया।
10. हम छुट्टी में नेपाल गए।
11. आप स्टेशन कैसे गए?
12. बच्चे मैदान में खेले।
13. वे भारत कब आए?
14. तुम लोगों ने कल क्या किया?
15. आपकी पुस्तक कब छपी?

Key 84

2. इस शहर में एक नया पुल बन गया है।
3. हमारे मुहल्ले में नई सड़कें डल गई हैं।
4. घर साफ़ हो गया है?
5. तस्वीर दीवार पर टँगी है/टंग गई है।
6. मेले में मेरा सारा सामान बिक गया।
7. कपड़े धुल गए हैं।
8. दरवाजे खिड़कियाँ बन्द हो गए हैं।
9. छात्रों की परीक्षा की तैयारी हो गई है।
10. निर्धारित पाठ्यक्रम पूरा हो गया है?

Key 85

1. ..... पढ़ाने लगते हैं।
2. ..... करने लगते थे।
3. ..... खेलने लगे।
4. ..... बोलने लगूँगी।
5. ..... करने लगना चाहिए।
6. ..... खेलने लगता पड़ता है।
7. ..... पकाने लगना पड़ता था।
8. ..... बोलने लगना पड़ेगा।
9. ..... मानने लगे।
10. ..... खाने लगे।

Key 86

1. लगती है। 2. लगता है। 3. लगती है। 4. लगता है।
5. ऐसा लगता है कि 6. लग रही हो। 7. लग रहा है। 8. लग रही है।
9. लग रहा है। 10. लग रहे हैं। 11,12. लग रहा है। 13. लगीं।
14. लगा? 15. लगी। 16,17,18. लगी है।

Key 87

2. आज सुबह दूधवाले को दूध लाने में देर हो गई।
3. मुझे बच्चों को स्कूल पहुँचाने में देर हो गई।
5. सड़क पर यातायात अवरोध के कारण मैं देर से दफ़्तर पहुँचा।
6. बच्चे को बारिश में भीगने के कारण बुखार हो गया।

8. • वे घर में खाना पकाने के बजाय अपने महमानों को 'रेस्टोरेन्ट' में ले गए।
   • वे घर में खाना न पकाकर अपने महमानों को 'रेस्टोरेन्ट' में ले गए।
9. • छात्र कक्षा में जाने के बजाय सिनेमा देखने चला गया।
   • छात्र कक्षा में न जाकर सिनेमा देखने चला गया।

11. धार्मिक समारोह आरम्भ होते ही पंडाल में आग लग गई और अनेक व्यक्ति मर गए।
12. गाड़ी चलते ही किसीने ज़ंज़ीर खींची और वह फिर रुक गई।
14. कृषि संस्थान की स्थापना कब की गई?

Key 88

1.	होओगे।	2.	सीख जाएँगी।	3.	जाएँगे।
4.	सीखूँगी।	5.	चलूँगा।	6.	पहुँचा दूँगा।
7.	करूँ।	8.	पहुँचा दूँ।	9.	हो जाओ।
10.	होती।	11.	बन जाता।	12.	मिल लेते।
13.	गया होता।	14.	आया होता		

KEY UNIT - 2

Key 1

1. यह दूरदर्शन यंत्र महँगा है।
2. वह कमरा बड़ा है।
3. दीवार नीची है।
4. मौसम अच्छा है।
5. तरणताल साफ़ है।
6. क्या पानी उबला है?
7. वह चकित थी।
8. माँ चिंतित थीं।
9. साक्षातकारक प्रभावित था।
10. क्या वे नाराज़ थे?
11. वे तुमसे मिलकर प्रसन्न होंगे।
12. क्या कल छुट्टी होगी?
13. पिता जी नाराज़ होंगे।
14. वे निराश होंगे।

Key 2

1. मुझे एक गलास पानी दीजिए।
2. मेरे पास बैठो।
3. दस बजे से पहले सोओ।
4. सब बत्तियाँ बुझा दो।
5. दरवाज़े पर ताला लगाओ।
6. ध्यान लगाकर पढ़ो।
7. मुझ पर क्रोध न करो।
8. रोज़ अख़बार पढ़ा करो।
9. लखनऊ पर गाड़ी बदलना।
10. कुत्तों से सावधान रहिए।
11. अपनी आवाज़ नियंत्रण में रखो; मुझ पर मत चिल्लाओ।
12. स्वार्थी मत बनो; सदैव दूसरों की मदद करो।
13. मेज़ लगाओ।

Key 3

1. मैं विश्वविद्यालय में पढ़ाता/पढ़ाती हूँ।
2. मेरी पत्नी सुबह 7 बजे दफ़्तर जाती है।
3. बच्चे इस बागीचे में खेलते हैं।
4. हम दूरदर्शन पर ख़बरें देखते हैं।
5. आजकल बहुत कम लोग 'रेडियो' सुनते हैं।
6. आजकल प्राय: गाड़ियाँ देर से आती हैं।
7. वह कितनी भाषाएँ बोलती है?
8. हवाई जहाज कितने बजे छूटता है?
9. श्री शर्मा क्या पढ़ाते हैं?
10. आप दफ्तर कैसे जाते हैं?

11. पिता जी शाम को दफ्तर से देर से लौटते हैं।

12. माता जी सुबह चार बजे उठती हैं।

13. मेरी बहन 'बैंक' में काम करती है।

14. वह हमेशा लोगों की मदद करता है।

15. मैं सुबह कभी नाश्ता नहीं करती।

16. मेरा भाई दिल्ली में रहता है।

17. अनिल प्रति शाम को अपनी मंगेतर को मिलता है।

18. मेरी बेटी अमरीका में रहती है।

19. अधिकांश सार्वजनिक छुट्टी के दिनों में मैं घर पर रहती हूँ।

20. क्या आप श्री शर्मा को जानते हैं?

21. वह कहाँ रहता है?

22. आप क्या करते हैं?

23. क्या आप अपना काम पसन्द करते हैं?

24. आप अक्सर छुट्टियों में कहाँ जाते हैं?

25. वह घर बनाता है।

26. मैं विरले ही दावत में जाता हूँ।

27. माँ बच्चे को सुलाती है।

28. आप संस्थान कैसे आते हैं?

29. आप रोज़ कितने घण्टे हिन्दी सीखते हैं?

30. आप इतना परिश्रम क्यों करते हैं?

Key 4

1. मैं उसे जानता हूँ, परन्तु मेरा मित्र नहीं जानता।
2. वह भारतीय संस्कृति जानती है, लेकिन मैं नहीं जानती।
3. वह कार चलाना जानता है, परन्तु उसकी पत्नी नहीं जानती।
4. रानी अंग्रेजी भाषा जानती है, परन्तु उसका मित्र नहीं जानता।
5. आप जानते हैं, आप मेरे पैर की उँगली पर खड़े हैं?
6. मुझे पता नहीं, इस समय वे कहाँ है।
7. क्या आपको मालूम है, रानी परसों विदेश जा रही है?
8. क्या आप बनारस के महापौर को जानते/जानती हैं?
9. आपको पता है, कल छोटे डॉक्टरों की हड़ताल है?
10. मुझे मालूम है, वह कल सुबह की गाड़ी से आ रही है।

Key 5

1. वह भोजन बनाना पसन्द नहीं करती, परन्तु उसकी बहन करती है।
2. वह गाना पसन्द नहीं करता, परन्तु उसके भाई करते हैं।
3. वे 'रेस्टोरेन्ट' में खाना पसन्द नहीं करते, परन्तु हम करते हैं।
4. मुझे बाहर जाना पसन्द नहीं, परन्तु मेरे बच्चों को पसन्द है।
5. मेरे मित्र को गर्म मौसम पसन्द नहीं, लेकिन मुझे पसन्द है।
6. कमल को फुटबाल पसन्द है, लेकिन उसकी बहन को पसन्द नहीं।
7. मेरे भाई को लंदन में रहना पसन्द है, लेकिन मुझे नहीं।
8. हम नृत्य करना पसन्द करते हैं, परन्तु वे नहीं करते।
9. उन्हें भारतीय खाना पसन्द है, लेकिन हमें नहीं।
10. उसे हिन्दी-फिल्में पसन्द नहीं हैं, लेकिन उसकी सहेली को पसन्द हैं।

Key 6

1. मैं अब कार से दफ़्तर जाती हूँ। मैं अपनी साइकिल पर दफ़्तर जाया करती थी।
2. मेरे पति रोज़ सुबह सैर के लिए जाते हैं। जब वे जवान थे, सुबह दौड़ा करते थे।
3. मेरा बेटा छात्रावास में रोज़ चावल खाया करता था।
4. वे सप्ताह में तीन बार तैरने जाया करते थे।
5. मेरे माता-पिता अक्सर सिनेमा देखने जाया करते थे।
6. वह लगभग सोलह घण्टे रोज़ पढ़ा करती थी।
7. जब हम गाँव में रहते थे, हम पेड़ पर चढ़कर, कच्चे फल तोड़कर खाया करते थे।
8. जब मैं छोटा था, मैं अपनी गाय दुहा करता था।
9. एक समय वह इमारत निर्माता हुआ करता था।
10. जब तुम भारत में थीं, तुम क्या किया करती थीं?

Key 7

1. वे क्या कर रहे हैं?
2. वे कहाँ जा रहे हैं?
3. वे क्यों हँस रहे हैं?
4. वे क्या देख रहे हैं?
5. वे किसे पुकार रहे थे?
6. वे लड़के कहाँ जा रहे हैं?
7. क्या आप 'रेडियो' सुन रहे/रही हैं?
8. क्या बच्चे दूरदर्शन देख रहे हैं?
9. आपकी माता जी क्या पका रही थीं?
10. क्या आपके पिता जी चाय पी रहे हैं?
11. क्या आप पत्र लिख रहे / रही हैं?
12. क्या बर्फ़ पड़ रही है?
13. क्या बारिश हो रही है?
14. क्या आपकी घड़ी पीछे चल रही है?

Key 8

1. आज गाड़ी देर से पहुँच रही है।
2. क्या आज दिल्ली से आनेवाला हवाई जहाज समय पर आ रहा है?
3. मेहमान ज़ोर से हँस और बोल रहे थे।
4. चिड़ियाँ आकाश में उड़ रही हैं।
5. नदी का पानी बह रहा है।
6. बर्फ़ पड़ रही है।
7. पिता जी तस्वीरें खींच रहे हैं।
8. बच्चे बहुत शोर मचा रहे थे।
9. औरतें पानी भर रही थीं।
10. नौकरानी बत्तियाँ बुझा रही है।
11. एक आदमी घण्टी बजा रहा है।
12. मैं बोलचाल की अंग्रेज़ी सीख रही हूँ।
13. भीड़ इधर-उधर भाग रही थी।
14. यात्री गंगा नदी में स्नान कर रहे थे।
15. माँ अपनी बेटी के बाल बना रही थी।
16. इस समय वर्षा नहीं हो रही है।
17. वह अपने हाथ धो रही है।
18. गाड़ी बहुत धीरे चल रही है।
19. कई आदमी बाहर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं।
20. आप दिल्ली कैसे जा रहे हैं?

Key 9

1. रानी कहीं जा रही है।
2. वह कुछ कह रही है।
3. वह कुछ खोज रहा था।
4. वह किसीके साथ नृत्य कर रही है।

5. वह रात को किसीके स्वप्न देखती है।

6. वह किसी चीज़ से डरता है।

7. वे किसी महँगे होटल में ठहरते हैं।

8. वह कुछ सोच रहा है।

9. वह किसीके बारे में बात करता है।

10. वह स्कूल कैसे आता है?

11. वह किसीको पुकार रहा था।

12. वह किसीके लिए कपड़े सी रही है।

Key 10

1. बनारस में लोग कैसे हैं?
2. भारत में घर कैसे हैं?
3. आपके देश में मौसम कैसा है?
4. आप का शहर कैसा है?
5. आपके शहर में स्कूल कैसे हैं?
6. आपके शहर में सड़कें कैसी हैं?
7. आपके शहर में यातायात के साधन कैसे हैं?
8. भारत में डाक और दूरसंचार सेवाएँ कैसी हैं?
9. सफ़र कैसा था?
10. फ़िल्म कैसी थी?
11. हिन्दी का पाठ्यक्रम कैसा था?
12. संगीत गोष्ठी कैसी थी?

Key 11

1. आज मेरे पास पैसे बिलकुल नहीं है।
2. रानी के पास कई उपयोगी सुझाव हैं।
3. उसके दो बेटे और एक बेटी है।
4. पहले उनके पास सब कुछ था; अब उनके पास कुछ नहीं है।
5. उसके पास बड़ा घर है, लेकिन उसके पास बाग़ीचा नहीं है।
6. उनके पास बहुत ज़मीन-जायदाद है।
7. मेरे पास कहने को कुछ नहीं।
8. क्या किसी के पास एक फ़ालतू कलम है।

Key 12

1. मैं किसी चीज़ को देख रही हूँ।
2. आप क्या देख रही हैं?
3. वे किसी चीज़ के बारे में बात कर रहे थे?
4. वे किस चीज़ के बारे में बात कर रहे थे?
5. मैंने किसीके बारे में स्वप्न देखा।
6. आपने किसके बारे में स्वप्न देखा?
7. वह किसी चीज़ से भठीत था।
8. वह किस चीज़ से भयभीत था?

9. वे किसी 'रेस्टोरैन्ट' में जा रहे हैं।

10. वे किस 'रेस्टोरैन्ट' में जा रहे हैं?

11. उसने किसीसे बात की।

12. उसने किससे बात की?

13. मैं एक होटल में ठहरी।

14. आप किस होटल में ठहरीं?

15. मैं किसी विषय के बारे में सोच रही हूँ।

16. आप किस विषय के बारे में सोच रही हैं?

17. वह किसीके साथ बाहर गया।

18. वह किसके साथ बाहर गया?

19. मैं किसीका इंतजार कर रहा हूँ।

20. आप किसका इंतजार कर रहे हैं?

21. उसने किसीके साथ नृत्य किया।

22. उसने किसके साथ नृत्य किया?

23. उसे किसी बात में रुचि है।

24. उसे किस बात में रुचि है?

25. मैंने किसीके साथ खाना खाया।

26. आपने किसके साथ खाना खाया?

27. वे कुछ खोज रहे हैं।

28. वे क्या खोज रहे हैं?

29. वे किसीको खोज रहे हैं।

30. वे किसको खोज रहे हैं?

31. जार्ज किसीके साथ था।

32. जार्ज किसके साथ था?

33. मैंने पैसा किसीको दिया।

34. आपने पैसा किसको दिया?

Key 13

1. मार्च में बर्फ पड़नी बन्द हो जाती है।

2. मार्च में बर्फ़ पड़नी बन्द हो जाती थी।

3. मार्च में बर्फ पड़नी बन्द हो गई।

4. बर्फ़ पड़नी बन्द हो गई है।

5. बर्फ पड़नी बन्द हो गई थी।

6. जल्दी (ही) बर्फ़ पड़नी बन्द हो जाएगी।

7. मैं रोज़ सुबह अख़बार पढ़ती/पढ़ता हूँ।

8. मैं रोज़ सुबह अख़बार पढ़ती थी/पढ़ता था।

9. मैंने आज सुबह अख़बार पढ़ा।

10. मैंने अख़बार पढ़ लिया है।

11. मैंने अख़बार पढ़ा था।

12. मैं अख़बार पढ़ूँगा/पढ़ूँगी।

13. वह प्रतिदिन अपने जूते साफ़ करता है।

14. वह प्रतिदिन अपने जूते साफ़ करता था।

15. उसने कल अपने जूते साफ़ किए।

16. उसने अपने जूते साफ़ कर लिए हैं।

17. उसने अपने जूते साफ़ किए थे।

18. वह अपने जूते साफ़ करेगा।

Key 14

1. वह कपड़े नहीं सी सकती।
2. पिता जी अकेले सफ़र नहीं कर सकते।
3. उसकी माता जी बिना सहारे के खड़ी नहीं हो सकतीं।
3. वह धाराप्रवाह जर्मन नहीं बोल सकती।
5. मेरे पति तैर सकते हैं, परन्तु मैं नहीं।
6. मैं आज बाजार नहीं जा सकती; क्या आप मेरे लिए ख़रीदारी कर पाएँगी?
7. आपके कक्षा में कौन गा सकता है?
8. क्या मैं आपके साथ सिनेमा चल सकता हूँ?
9. क्या आप मुझे ठीक से सुन सकते है?
10. आज कक्षा में मैं एक शब्द समझ नहीं सका।

Key 15

1. • वह किसी से भिड़ गया।
   • उसकी किसी से टक्कर हो गई।
2. • वह किससे भिड़ गया?
   • उसकी किससे टक्कर हो गई
3. मेज़ से कुछ नीचे गिरा।
4. मेज़ से क्या नीचे गिरा?
5. यहाँ कोई रहता है।
6. यहाँ कौन रहता है?
7. यहाँ आज कुछ हुआ है।
8. यहाँ आज क्या हुआ है?
9. उसने मुझे कुछ कहा।
10. उसने आपसे (आपको) क्या कहा?
11. किसीने मुझे पत्थर से मारा।
12. आपको किसने पत्थर से मारा?

Key 16

1. बच्चे अपराह्न में सोएँगे।
2. वह अगले महीने नार्वे जाएगी।
3. कल इस समय हम 'फुटबाल' खेल रहे होंगे।
4. माँ कल 10 बजे तक दिल्ली पहुँच चुकी होंगी।
5. योरूप जाने से पहले मैने अंग्रेज़ी बोलना सीख लिया होगा।
6. मैं अगले महीने बम्बई जाने की सोच रही हूँ।
7. पिता जी नया घर ख़रीदने की सोच रहे हैं।
8. मेरा भाई धन्धा बदलने की सोच रहा है।
9. आप गर्मी की छुट्टियों में क्या करने की सोच रहे हैं?
10. आप नया दूरदर्शन यंत्र कहाँ रखने की सो[illegible] रहे हैं?

17

1. वह घर उनका है।
2. वे कुत्ते हमारे हैं।
3. यह 'कार' उसकी है।
4. क्या यह थैला तुम्हारा है?
5. यह छाता मेरा है।
6. क्या यह साइकिल उसकी है?
7. विद्यार्थी सब कुछ अपने से नहीं समझ सकते; अतः उनके अध्यापकों को उनकी मदद करनी चाहिए।
8. क्या तुमने अपना परिधान स्वयं सिया।
9. समाज व्यक्ति को भ्रष्ट बनाता है; व्यक्ति अपने से भ्रष्ट नहीं बन जाता।
10. उसने मुझे अपनी एक पुस्तक उधार दी।
11. उसने अपनी एक सहपाठिन से विवाह किया।
12. हम अपने कुछ मित्रों के साथ पिकनिक पर गए।
13. उसने अपने कुछ मित्रों को दिन के खाने पर बुलाया।
14. मैं अपने एक सहकर्मी के साथ छुट्टी मनाने जा रहा हूँ।
15. वह दाढ़ीवाला लम्बा आदमी मेरे भाई का दोस्त है।
16. मुझे इतवार को अपने घर में रहना अच्छा लगता है।
17. आप सब अपने सामान का ध्यान रखें।
18. उन्होंने अपना घर स्वयं रंगा है।
19. वह इतने बड़े घर की देखरेख अकेले ही करती है।

18

1.
- मुझे वह साड़ी पसन्द है।
- कौन-सी वाली?
- वह पीले और जामुनी किनारेवाली।

2.
- क्या तुम्हें वह घड़ी पसन्द है?
- कौन-सी वाली?
- वह वाली जो दीवार पर दरवाजे के ऊपर है।

3.
- मेरे लिए वह किताब लाओ।
- कौन-सी वाली?
- काली जिल्दवाली।

4.
- मुझे उस आदमी से डर लगता है।
- कौन-से वाले?
- उस लम्बी दाढ़ी और मूँछवाले से।

5.
- मैं उस लड़की से दोस्ती करना चाहता हूँ।
- कौन-सी वाली?
- उस लाल घाघरेवाली से।

6.
- कौन-सा घर तुम्हारा है?
- यहवाला या वहवाला?
- वहवाला।

7. • तुम्हें कौन-सी पोशाक पसन्द है?
• लम्बीवाली या छोटीवाली?
• लम्बीवाली।

8. • कौन-सी पुस्तकें तुम्हारी हैं?
• ऊपर के खानेवाली।

9. • तुम्हें कौन-से प्याले पसन्द हैं? सफ़ेद रंग के, सुनहरी किनारेवाले?
• नहीं, क्रीम रंग के, गुलाब के नमूनेवाले।

Key 19

1. डॉक्टर अभी तक नहीं आया।
2. गाड़ी अभी तक नहीं पहुँची।
3. फ़िल्म अभी शुरू नहीं हुई।
4. उसने अभी भी काम ख़त्म नहीं किया।
5. हमने अभी खाना नहीं खाया।
6. बच्चे अभी तैयार नहीं हुए।
7. 'बैंक' के कर्मचारियों ने अभी तक हड़ताल ख़त्म नहीं की।
8. मैंने अभी अपने पिता के पत्र का उत्तर नहीं दिया।

Key 20

1. क्या तुम अभी तक दिल्ली में ही हो?
2. क्या वह अभी भी विदेश में बसना चाहती है?
3. पुल अभी भी बन रहा है।
4. मेरी 'कार' अभी भी गराज में है।
5. जब मैं दस वर्ष का था, मैंने हिन्दी सीखनी शुरू की; मैं अभी भी सीख रहा हूँ।
6. दादा जी सुबह दूरदर्शन देख रहे थे; वे अभी भी देख रहे हैं।
7. क्या आप अभी भी उसी दफ़्तर में काम कर रहे हैं?
8. क्या आप अभी भी सुबह घूमने जाते हैं?

Key 21

1. उसने यह पुस्तक पढ़ ली है। उसने इसे पिछले हफ्ते पढ़ा।
2. क्या आपने 'ताज' देखा है? आपने उसे कब देखा?
3. मैंने अपने पिता जी से एक पत्र प्राप्त किया है। मैंने इसे कल प्राप्त किया।
4. टंकणकर्ता ने लेख टंकित कर दिया है। उसने इसे आज सुबह टंकित किया।
5. दूधवाले ने दूध पहुँचा दिया है। उसने इसे कुछ मिनट पहले पहुँचाया।
6. क्या आपने मेरे पत्र पत्रपेटी में छोड़ दिए हैं/डाल दिए है? आपने उन्हें कब पत्रपेटी में छोड़ा/डाला?

Key 22

1. यह स्थान प्रति वर्ष लाखों पर्यटकों द्वारा देखा जाता है।
2. भारत में घरों में काम करनेवाले नौकरों को ठीक से वेतन नहीं दिया जाता।
3. विजेताओं को एक-एक 'डिश एन्टीना' और दो-दो हजार रुपए का 'चैक' दिया गया।
4. इस वर्ष उसे गणतन्त्र दिवस पर 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया।
5. मेरे शयन-कक्ष में एक 'कूलर' लगाया जा रहा है।
6. स्वतन्त्रता दिवस पर बच्चों को मिठाइयाँ दी जाती थीं।
7. मेरे परिवार में जन्मदिन बहुत धूमधाम से मनाए जाते थे।
8. 'पुलिस' को डाके के बारे में सूचना पड़ोसियों के द्वारा दी गई।
9. एक बार बनारस के 'प्लेटफार्म' पर मेरी जेब काट ली गई थी। घर वापस आने के लिए मेरी घड़ी और अंगूठी बेची जानी पड़ी थी।
10. अकबर के दरबार में दरबारी हमेशा बीरबल के द्वारा चकमा दिए जाते थे।
11. राजस्थान में माल-असबाब और लोगों को रेगिस्तान पार कराने के लिए ऊँटों का इस्तेमाल किया जाता है।
12. राज्यमंत्री के प्रस्ताव केन्द्र सरकार के द्वारा ठुकरा दिए गए हैं।
13. रिश्वत लेने के लिए अफ़सर को नौकरी से निकाल दिया गया है।
14. सब शिक्षा संस्थान तीन सप्ताह के लिए बन्द कर दिए गए हैं।
15. मैदान की घास काट दी गई है।
16. पुल बनाया जा चुका है।
17. हमारा घर हाल ही में दुबारा रंगा गया है।
18. वह 'क्लब' की सभापति बना दी गई है।
19. डाक अभी तक वितरित नहीं की गई है।
20. यह कहानी मेरी मित्र के द्वारा लिखी गई है।
21. एक नया पुल बनाया जा रहा है।
22. लेख टंकित किया जा रहा है।

23. होमियोपैथी के चिकित्सक के द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।

24. हमारे घर की मरम्मत की जा रही है।

25. आजकल अधिकांश स्कूलों में कक्षा छह से संस्कृत पढ़ाई जा रही है।

26. इस पुस्तक का नया संस्करण छापा जा रहा है।

27. 'आकाशवाणी' पर 'राग भैरवी' गाया जा रहा है।

28. यह काम सोमवार तक खत्म किया जाना चाहिए।

29. बढ़ती जनसंख्या को रोकने हेतु परिवारनियोजन अभियान का तीव्रीकरण किया जाना पड़ेगा।

30. हो सकता है बच्चों को अगले साल छात्रावास में रखा जाना पड़े।

Key 23

1. काश मुझे अपने मंगेतर से रोज़ एक पत्र प्राप्त होता!
2. काश मुझे इतना परिश्रम न करना पड़ता!
3. काश हमें लोगों को इतना अक्सर आमंत्रित न करना पड़ता!
4. काश आज मैं अपनी बेटी के पास होती!
5. काश मेरे माता-पिता मेरे स्नातकोत्तर समारोह पर मेरे पास होते!
6. काश मेरी उस के साथ सगाई न हुई होती!

Key 24

1. अगर मेरी लाटरी निकलेगी, तो मैं विश्व-भ्रमण करूँगा / करूँगी।
2. अगर तुम अतिरिक्त समय काम करोगे/करोगी, तो तुम्हें अधिक पैसा मिलेगा।
3. अगर हमारे यहाँ इतवार को बिजली हुई, तो हम 'वी.सी.आर.' पर फ़िल्में देखेंगे।
4. यदि व्यक्ति अपने दफ़्तर के पास रहे, तो समय और धन दोनों ही बचाता है।
5. यदि तुम अपना समय ठीक से बाँट लोगे, तो तुम सब प्रश्न समय से कर पाओगे।
6. यदि वह कम धूम्रपान करे, तो इतना न खाँसे।
7. अगर आप रोज व्यायाम करें, तो आप का बदन पतला और स्वस्थ हो।
8. यदि उसके पास सड़क का नक्शा हुआ, तो वह सुगमता से घर ढूँढ़ लेगा।

9. अगर पुलिस को अब से अच्छा वेतन दिया जाए, तो वे अधिक ईमानदारी से कार्य करें।
10. यदि तुम दो वर्ष भारत में रहे, तो धारा-प्रवाह हिन्दी बोलने लगोगे।
11. यदि आप नियमित रूप से ध्यानस्थ होंगे, तो आपको मानसिक शान्ति मिलेगी।
12. यदि आप खिड़कियाँ और दरवाज़े खुले रखेंगे, तो आपको प्रचुर प्रकाश और हवा मिलेगी।
13. यदि मुझे काम करने की अनुज्ञा मिली, तो मैं आस्ट्रेलिया में प्रवास करूँगा।
14. यदि मेरे पास आवश्यक योग्यताएँ होतीं, तो मैं इस काम के लिए आवेदन पत्र भेजता।
15. यदि मेरे पास पर्याप्त पैसा रहा होता, तो मैंने वह कार ख़रीद ली होती।
16. यदि उसने मुझे अपना रहस्य बताया होता, तो मैं उसकी सहायता कर सकता था।
17. यदि उसने सत्य कहा होता, तो उसने उसको क्षमा कर दिया होता।
18. यदि उसने ईमानदारी से काम किया होता, तो उस की नौकरी न जाती।

Key 25

1. मेरे घर के पीछे कुछ टूटी हुई झोपड़ियाँ हैं।
2. कुछ फटे हुए काग़ज़ फ़र्श पर पड़े थे।
3. वह खुली हुई खिड़की से झाँक रही थी।
4. अलमारी में रखी हुई पुस्तकें ले आओ।
5. टूटी हुई कुर्सी पर मत बैठो।
6. सामनेवाला खुला हुआ कमरा मेरा दफ़्तर है।
7. डॉक्टर की बताई हुई सलाह मानो।
8. मैने आपका लिखा हुआ लेख पढ़ा।
9. माता की कही हुई बात पत्थर की लकीर जानिए।
10. स्टेशन पर खड़ी हुई गाड़ी दिल्ली जाएगी।

Key 26

1. कृपया मेरे लिए एक नया वस्त्र सिलवा दीजिए।
2. जाओ और अपने बाल नाई से कटवा लो।
3. कृपया यह काम दो दिन में करवा दीजिए।
4. वह हमेशा अपने जूते अपने नाप से बनवाता है।
5. आप अपने बाल कहाँ बनवाती हैं?
6. मैं अपनी बेटी के लिए एक पढ़ने की मेज बनवा रही हूँ।
7. वह एक पलंगपोश कढ़वा रही है।
8. रानी अपने लिए सोने का हार बनवा रही है।
9. उसने अपना दाँत भरवाया।
10. अनिल ने अपना स्कूटर ठीक करवाया।

11. मैने अपने पुराने जूते मोची से ठीक करवाए।

12. हमें अगले साल एक घर बनवाना होगा।

13. मुझे 'पासपोर्ट' के लिए अपनी तस्वीर 'स्टूडियो' में खिंचवानी पड़ेगी।

14. सरकार को कम आय के लोगों के लिए बहुत-से घर बनवाने पड़ेंगे।

15. हो सकता है हमें अपने बच्चों का नए स्कूल में दाखिला करवाना पड़े।

16. हो सकता है मुझे अपने पिता जी का 'अपैंडेसाइटिस' का 'ऑपरेशन' करवाना पड़े।

Key 27

1. आपके क्षेत्र में कौन-सी भाषा बोली जाती है?
2. क्या आपके देश में स्कूल के बच्चों को कोई विदेशी भाषा सिखाई जाती है?
3. दोसा और इडली कैसे बनाए जाते हैं?
4. यू.पी. (उत्तर प्रदेश) में होली कैसे मनाई जाती है?
5. आपके देश में कौन-से धर्म का अनुसरण किया जाता है?
6. यह किताब किसके द्वारा लिखी गई?
7. आपको हिन्दी किसके द्वारा सिखाई गई?
8. मेज़बान के द्वारा आपका स्वागत किस प्रकार किया गया?
9. आपको लंदन में कहाँ ठहराया गया?
10. उसे कब और कहाँ आख़िरी बार देखा गया?
11. पिछले इतवार को दूरदर्शन पर कौन-सी फिल्म दिखाई गई?
12. विवाह में कितने लोगों को बुलाया गया है?
13. क्या पुस्तकें पुस्तकालय में लौटा दी गई हैं?
14. यह मिठाई कैसे बनाई गई है?
15. यह वस्त्र किसके द्वारा सिया गया है?
16. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय कब स्थापित किया गया?
17. यह पुल कब बनाया जाएगा?
18. भाषण कहाँ दिया जाएगा?

19. हमें इस वर्ष अंग्रेजी किसके द्वारा पढ़ाई जाएगी?
20. क्या इस पुस्तक का और भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा?
21. क्या आय-कर छूट सीमा अगले 'बजट' में बढ़ाई जाएगी?
22. क्या निकट भविष्य में आई.एम.एफ. (I.M.F.) से नए ऋण लिए जाएँगे?

Key 28

1. कृपया धीरे बोलिए, ताकि मैं आप को समझ सकूँ।
2. युवा लोगों को परिश्रम करना चाहिए, ताकि उनका जीवन आरामदेह हो।
3. मैने 'टैक्सी' ले ली, ताकि मैं दफ़्तर देर से न पहुँचूं।
4. माता-पिता को बच्चों के साथ बहुत समय बिताना चाहिए, ताकि वे उपेक्षित महसूस न करें।
5. पिता जी ने मुझे बहुत पैसा दिया, ताकि मैं अपना व्यापार शुरू कर सकूँ।
6. मैं अपने नौकर के बेटे की शादी में गई, ताकि उसे बुरा न लगे और हीनता का भाव न हो।
7. सरकार विदेशी पूंजीनिवेश आकर्षित कर रही है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था सुधरे।
8. हमने अपने गाँव में एक स्कूल की स्थापना की, ताकि सब बच्चे शिक्षा पा सकें।
9. इतिहास और भूगोल चाक्षुष उपकरणों से सिखाए जाने चाहिए, ताकि बच्चे उन्हें आनन्दपूर्ण सीख सकें।
10. मालिकों को कर्मचारियों को अधिलाभांश देना चाहिए, ताकि वे परिश्रम करें और अधिक उत्पादन करें।
11. अध्यापकों को विद्यार्थियों को सर्वोत्तम ज्ञान देना चाहिए, ताकि वे देश के अच्छे नागरिक बन सकें।
12. पिता जी दिन-रात परिश्रम करते हैं, ताकि हम अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें।
13. किसानों को उनकी फ़सलों का अच्छा दाम दिया जाना चाहिए, ताकि वे और ज़्यादा उत्पादन करें।
14. कृपया आज (तुम) घर रहो, ताकि मैं बाहर जा सकूँ।
15. कृपया 'रेडियो' बन्द कर दीजिए, ताकि बच्चे की नींद ख़राब न हो।

Key 29

1. जितना धन व्यक्ति के पास आता है, उतना ही अधिक वह पाना चाहता है।
2. जितना हम समुद्र के निकट गए, उतनी ही अधिक उमस हमें महसूस हुई।

3. जितने तुम बड़े हो रहे हो, उतने ज्यादा बचकाना तुम बन रहे हो।
4. जितना ज्यादा परिश्रम तुम अब करोगे, बाद में उतनी ज़्यादा तुम्हारी उपलब्धियाँ होंगी।
5. वे जितना अधिक साथ रहे, उतना ही ज़्यादा उनका सम्बन्ध बिगड़ गया।
6. जितना ज्यादा मैंने उसके लौटने का इन्तजार किया, उतना ज़्यादा मैं बेचैन हो गया।
7. जितना आलसी व्यक्ति होता है, उतनी ही कम उसकी सफलता की सम्भावना होती है।
8. जितनी पास कोई वस्तु होती है उतनी ही बड़ी दिखती है; जितनी दूर होती है, उतनी छोटी दिखती है।
9. जितना अधिक आप गरीबों की मदद करते हैं, उतना अधिक आपको संतोष होता है।
10. जितनी कठिन समस्या होती है, उतना अधिक आनन्द मुझे उसे सुलझाने में आता है।
11. जितना कम आप बोलते हैं, उतनी कम ग़लतियाँ (आप) करते हैं।
12. जितना अधिक तुम शिकायत करते हो, उतनी अधिक मुझे तुमसे चिढ़ होती है।
13. जितना ज़्यादा समय व्यक्ति बनारस में रहता है, उतना अधिक उसे पसन्द करता है।
14. जितना अधिक तुम अब पढ़ोगी, उतना ही परीक्षा के समय तुम्हारे लिए ठीक रहेगा।
15. जितने कम मसाले आप खाते हैं, उतना ही आपकी सेहत के लिए अच्छा होता है।
16. जितनी अधिक 'कारें' होती हैं, उतना अधिक प्रदूषण होता है।
17. जितना अधिक पर्यावरण-जागरूक लोग होते हैं, उतना ही सबके लिए अच्छा होता है।
18. जितना अधिक आप बच्चे को कुछ करने से रोकते हैं, उतना ही अधिक वह उसे करना चाहता है।

Key 30

1. वह बुद्धु भी है और बदसूरत भी।
2. प्रेमचन्द ने उपन्यास भी लिखे और लघु-कहानियाँ भी।
3. पी. वी. एन. राव प्रधानमंत्री भी थे और कांग्रेस के सभापति भी।
4. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजनीतिज्ञ भी थे और शिक्षाविद भी।
5. वह मूर्ख और आलसी दोनों ही है।
6. भारतीय बच्चों में कर्त्तव्यनिष्ठा भी होती है और अपने माता-पिता के प्रति प्रेम भी।
7. उसने घर भी लूटा और परिवार के सब सदस्यों को मार भी डाला।

8. वह दफ़्तर में काम करता है और साथ ही सन्ध्या महाविद्यालय में पढ़ता भी है।
9. हमने फ़िल्म भी देखी और रेस्टोरेन्ट में खाया भी।
10. वह धनी भी है और उदार भी।
11. बीरबल दयालु भी था और तीक्ष्णबुद्धि भी।
12. वह शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से दुर्बल है।

Key 31

1. वह गाता रहता है।
2. वे हमारे यहाँ आते रहते है।
3. यहाँ जून से अक्तूबर तक बारिश होती रहती है।
4. वह हमेशा मुझे अपने परिवार के बारे में बताता रहता है।
5. सब लोग आदमी तालियाँ बजाते रहे।
6. बच्चा रात भर रोता रहा।
7. वे सब हँसते रहे।
8. कृपया मुझे यह समझाते रहिए।
9. इन आदमियों को कई दिनों तक लगातार काम करते रहना पड़ता है।
10. माँ को कपड़े सीते रहना पड़ा।
11. आप को प्रयास करते रहना पड़ेगा।
12. हमें उनकी मदद करते रहना चाहिए।

Key 32

1. कमला बिस्तर पर लेटते ही सो जाती है।
2. वर्षा ऋतु शुरू होते ही वह बीमार हो जाता है।
3. सुधीर जी बी.ए. की परीक्षा में उत्तीर्ण होते ही विदेश चले गए।
4. मेरी आँख लगते ही टेलीफ़ोन की घण्टी बजने लगी।
5. माँ के आते ही बच्चा हँसने लगेगा।
6. अपना काम खत्म करते ही मैं आपके पास आऊँगा।
7. जैसे ही हम निर्णय लेंगे आपको सूचित करेंगे।
8. अमरीका पहुँचते ही मैं आपको पत्र लिखूँगा।

Key 33

1. परीक्षा अगले महीने है। कमल ज़रूर दिन भर पढ़ता होगा।
2. रानी बहुत समय पंजाब में रही है। वह अवश्य पंजाबी खाना बनाना जानती होगी।

3. आजकल बहुत गर्मी है। आप अवश्य अक्सर तरणताल जाते होंगे।

4. विद्यार्थी इस समय मैदान में खेल रहे होंगे।

5. आजकल वे भारत में मौज कर रहे होंगे।

6. मैंने काफ़ी देर तक द्वार खटखटाया परन्तु कोई बाहर नहीं आया; अवश्य सब सो रहे होंगे।

7. इस इत्र की सुगन्ध बहुत अच्छी है; अवश्य महँगा होगा।

8. आप बहुत साल भारत में थे। आपने अवश्य ताजमहल देखा होगा।

9. इस वर्ष हाईस्कूल की परीक्षा में हमारे स्कूल के सब छात्र उत्तीर्ण हुए; अवश्य परीक्षा-पत्र बहुत सरल रहे होंगे।

10. माता जी अब तक दिल्ली पहुँच गई होंगी।

Key 34

1. घर आने **से पहले** मैं एक पुस्तकों की दुकान में गया।

2. खाना खाने **के बाद** वे फ़िल्म देखने गए।

3. सब सावधानियों **के बावजूद** मेरा बेटा भारत में बहुत बीमार हो गया।

4. यातायात अवरोध **के बावजूद** मैं दफ़्तर समय पर पहुँच पाया।

5. यद्यपि वह दिनभर बिस्तर में पड़ी रही थी, **तिस पर भी** वह बहुत थकी हुई थी।

Key 35

1. आपको सामान्यतया यहाँ आने में कितना समय लगता है?

2. आपकी माता जी को खाना पकाने में कितना समय लगा?

3. मुझे हिन्दी सीखने में कितना समय लगेगा?

4. हो सकता है आपको हिन्दी सीखने में एक साल लग जाय!

5. मुझे अख़बार ठीक से पढ़ने में चार घण्टे लगते हैं।

6. मुझे यह पुस्तक पूरी करने में कम से कम दो साल और लगेंगे।

7. इन आमों को पकने में अभी दो हफ़्ते और लगेंगे।

8. नौकरानी को प्रायः घर साफ़ करने में बहुत समय लगता है।

Key 36

1. मैं खा चुका हूँ।
2. वे स्टेशन चले गए हैं।
3. डाक्टर मरीज़ की जाँच कर चुका है।
4. गाड़ी छूट गई हैं।
5. पिता जी ने अख़बार पढ़ लिया है।
6. मेहमान पहुँच चुके है।

Key 37

1. बहते हुए पानी में नहाना चाहिए।
2. चलती हुई बस में मत चढ़ो।
3. भागता हुआ चोर पकड़ा गया।
4. चिल्लाती हुई भीड़ यहाँ-वहाँ भाग रही थी।
5. हाँफते हुए मजदूर को बिठाओ।
6. मुस्कराती हुई लड़की मेरी ओर देख रही थी।
7. माता रोते हुए बच्चे को डाँट और मार रही थी।
8. उसने उड़ते हुए पक्षी को तीर मारा।
9. उबलता हुआ पानी खेलते हुए बच्चे के पैर पर पड़ा।
10. सोते हुए बच्चे को मत जगाओ।

Key 38

1. हम चले ही थे कि हमारी गाड़ी ख़राब हो गई।
2. मैं पढ़ने बैठी ही थी कि बत्ती चली गई।
3. गाड़ी चली ही थी कि किसी ने जंज़ीर खींची और वह फिर रुक गई।
4. मैंने खाना खाया ही था कि मुझे चक्कर आने लगे।
5. माँ गई ही थी कि बच्चा रोने लगा।
6. हम घर से निकले ही थे कि बारिश होने लगी।
7. रॉबी की शादी हुई ही थी कि उसकी पत्नी उसे छोड़ कर चली गई।
8. फिल्म शुरू हुई ही थी कि 'सिनेमा हाल' में एक बम विस्फोट हो गया।
9. हम स्टेशन पर पहुँचे ही थे कि गाड़ी चल पड़ी।
10. मैंने चाय बनानी शुरू की ही थी कि गैस ख़त्म हो गई।

Key 39

1. हमें पहाड़ों में रहने की आदत है।
2. मुझे शोर की आदत नहीं।
3. मेरे माता-पिता को अवज्ञाकारी बच्चों की आदत नहीं।
4. क्या तुम्हें गर्म जलवायु की आदत है?
5. उसे पाश्चात्य वेश-भूषा पहनने की आदत है।
6. उसे पर्वतारोहण की आदत है।
7. उन्हें नदी में तैरने की आदत है।
8. मेरे बच्चे रात को देर तक जागने के आदी हैं।
9. मैं अपना काम स्वयं करने का आदी हूँ।
10. हमें देहात के जीवन की आदत नहीं थी।
11. उन्हें अनुशासित जीवन की आदत नहीं थी।
12. वे यहाँ के कठोर जीवन के आदी नहीं हो पाएँगे।
13. उसे भारतीय भोजन की आदत हो जाएगी।
14. अधिकांश विदेशियों को गरीबी की आदत नहीं होती और भारत आकर उन्हें सांस्कृतिक धक्का पहुँचता है।
15. तुम्हें जल्दी ही छात्रावास के जीवन की आदत हो जाएगी।

Key 40

1. यदि* आप न चाहें, तो उसके साथ न जाएँ।
2. यदि तुम न चाहो, तो उसे पैसा उधार न दो।
3. यदि तुम न चाहो, तो दूरदर्शन मत देखो।
4. यदि आप न चाहें, तो लोगों को अपने घर में धूम्रपान न करने दें।
5. यदि तुम दावत में न आना चाहो, तो न आओ।
6. यदि आप चाहें, तो मेरे घर में ठहर सकते हैं।
7. वह चाहे, तो मेरी पुस्तक उधार ले सकता है।
8. वह चाहे, तो हमारे साथ खा सकती है।

* use of यदि is not obligatory

9. तुम चाहो, तो विदेश जा सकते हो।
10. वह चाहे, तो अपने मित्रों को अपने जन्मदिन पर बुला सकती है।

11. यदि तुम चाहो, तो मैं तुम्हें स्कूल पहुँचा सकता हूँ।
12. यदि तुम चाहो, तो मेरी बहन तुम्हें अपना 'टेनिस-रेकिट' प्रयोग करने देगी।
13. यदि तुम चाहो, तो मेरा बेटा तुम्हें गणित सिखाएगा।
14. यदि आप चाहें, तो मेरे विद्यार्थी आप के साथ स्टेशन तक जाएँगे।

Key 41

1. चाहे जो हो, तुम कुछ मत कहना।
2. चाहे कुछ भी हो, मैं अपने सिद्धान्त नहीं छोड़ सकता/सकती।
3. तुम्हें पसन्द हो या न हो, तुम्हें मेरे साथ आना पड़ेगा।
4. मैं चाहूँ न चाहूँ, मुझे अगले सप्ताह दफ़्तर में अतिरिक्त समय काम करना पड़ेगा।
5. घर जाने के बजाय मैं फ़िल्म देखने चला गया।
6. यद्यपि वह बहुत योग्य थी, तथापि उसे नौकरी नहीं मिली।
7. यद्यपि वह धनी है, तथापि वह बहुत कंजूस है।
8. बहुत थकी होने पर भी माता जी ने हमारे लिए खाना बनाया।
9. मेरी विनम्र क्षमायाचना के बावजूद उसने मुझे क्षमा नहीं किया।
10. जब तक तुम्हारे माता-पिता तुम्हारे साथ न हो तुम यह फ़िल्म नहीं देख सकते।

Key 42

1. सब नदियाँ समुद्र में **मिलती हैं**।
2. मैदा, चीनी, मक्खन और दूध अच्छी तरह **मिलाइए**।
3. हिन्दी और पंजाबी काफ़ी **मिलती जुलती** भाषाएँ हैं।
4. वह शक्ल से अपने पिता से **मिलती जुलती** है।
5. मुझे कोई कपड़ा दीजिए जो मेरी कमीज़ के रंग से **मिलता हो**।
6. मैं अपने पड़ोसियों से **मिलती जुलती** नहीं।

7. रानी ने मुझे अपने मंगेतर से मिलाया।

8. आज मुझे पिता जी से एक पत्र मिला।

9. मुझे एक दस रुपए का नोट सड़क पर पड़ा मिला।

10. आजकल प्याज़ ६० रुपए प्रति किलो मिल रहे है।

11. हमलोग सड़कों की मरम्मत के बारे में बात करने के लिए महापौर से मिलने जा रहे हैं।

Key 43

1. कृपया यहाँ बैठें।
2. सड़क ध्यान से पार करें।
3. सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान न करें।
4. यहवाली बत्ती जला दें और वहवाली बुझा दें।
5. समय व्यर्थ न गवाएँ।
6. घर का बना हुआ खाना खाएँ और उबला हुआ पानी पिएँ/पियें।
7. कुत्तों से सावधान रहें।
8. यह घर न खरीदें।
9. ईमानदारी और मेहनत से काम करें।
10. घाव अच्छी तरह धोकर पट्टी बांधें।

Key 44

1. मैं अगले वर्ष नार्वे जाना चाहती हूँ।
2. मेरी बहन समाज सेविका बनना चाहती है।
3. हमारा नौकर चाहता है कि हम उसे एक मकान ख़रीद दें।
4. मेरे अध्यापक चाहते है कि मैं उन के बेटे को गणित पढ़ाऊँ।
5. कर्मचारी अपने वेतन में वृद्धि चाहते हैं।
6. आजकल बच्चे नहीं चाहते कि उनके माता-पिता उनको किसी तरह की रोक-टोक लगाएँ।
7. यही वैसी औरत है जिसके साथ मैं अपना जीवन बिताना चाहता हूँ।

Key 45

1. आज शाम को हमें एक शादी में जाना है।

2. कल सुबह मुझे जल्दी उठना है।

3. जब मै भारत गया, मुझे हिन्दी सीखनी पड़ी।

4. मुझे दस दिन के लिए सभा स्थगित करनी पड़ी।

5. तुम्हें दिल्ली में गाड़ी बदलनी पड़ेगी।

6. आज शाम को मुझे देर तक दफ़्तर में रुकना पड़ेगा।

7. शायद हमें भारत में एक साल और रहना पड़े।

8. हो सकता है हमें जल्दी ही नई 'कार' ख़रीदनी पड़े।

Key 46

1. तुम्हें स्वस्थ रहने के लिए रोज़ व्यायाम करना चाहिए।

2. हमें जानवरों के प्रति क्रूर नहीं होना चाहिए।

3. नागरिकों को पर्यावरण प्रदूषित नहीं करना चाहिए।

4. विद्यार्थियों को मदिरा और धूम्रपान नहीं करना चाहिए।

5. कर्मचारियों को अपना काम निष्ठा से करना चाहिए।

6. राम को परीक्षा के लिए परिश्रम करना चाहिए था।

7. आपको भारत जाने से पहले हिन्दी सीखनी चाहिए थी।

Key 47

1. उसे चार कमरों के मकान की ज़रूरत है।

2. मुझे एक नया दूरदर्शन-यंत्र ख़रीदने की ज़रूरत है।

3. उन्हें मेरी मदद की आवश्यकता थी।

4. उन्हें वार्षिक समारोह के लिए छः कारों की ज़रूरत होगी।

5. हो सकता है रानी को अगले हफ़्ते और पैसों की ज़रूरत हो।

6. शायद उसे किसीकी ज़रूरत हो जो गर्मी की छुट्टियों में उसके पौधों की देख-रेख करे।

Key 48

1. बनारस में मंदिर की घण्टियाँ सुबह-सुबह बजने लगती हैं।
2. दीवाली पर कई दिन पहले से पटाखों की आवाज़ सुनाई देने लगती है।
3. पर्यावरण विशेषज्ञ बहुत समय पहले लोगों को पर्यावरण प्रदूषण संबंधी शिक्षा देने लगे थे।
4. विद्यार्थी वर्तमान शिक्षा प्रणाली की व्यावहारिक उपयोगिता पर विचार करने लगे हैं।
5. मैं अवकाश प्राप्त करने के बाद ध्यान-अभ्यास करना शुरू करूँगा।
6. हो सकता है सौ साल बाद भारतीय गाँधी को अपना एक देवता मानने लगें।
7. बिना पर्याप्त प्रमाण के आपको कभी किसी के चरित्र पर सन्देह नहीं करने लगना चाहिए।
8. आपको बहुत समय पहले परीक्षा की तैयारी करने लगना चाहिए था।

Key 49

1. राम अपनी पत्नी को पाश्चात्य पोशाकें पहनने देता है।
2. सविता ने अपने पति को विदेश पढ़ने जाने दिया।
3. क्या तुम मुझे पहाड़ों में पदयात्रा करने जाने दोगे?
4. हो सकता है वे हमें एक सप्ताह अपने यहाँ रहने दें।
5. संभवता पिता जी मुझे अपने मित्रों के साथ फ़िल्म देखने जाने देंगे।

Key 50

1. न सुधीर का दोष था, न अनिल का।
2. यह पुस्तक न तो मुझे भारत में मिली, न पाकिस्तान में।
3. वह न फ्रांसिसी बोल सकती है, न जर्मन।
4. न हम सोए, न हमने काम ही किया।
5. न तो उसने स्वयं कोई दवाई खाई, न वह किसी डॉक्टर के पास गया।
6. या तो तुम खुद करो, या मुझे करने दो।
7. या तो बाहर जाकर खेलो, या चुपचाप बैठ कर पढ़ो।

8. या तो अपनी ईमानदारी साबित करो, या दण्ड चुकाओ।
9. या तो जो करते हो उसे जी-जान से करो, या बिल्कुल छोड़ दो।
10. वह उसे या इस हफ़्ते, या अगले हफ़्ते मिलने की सोच रही है।
11. उसके माता-पिता में से एक भी जीवित नहीं।
12. हम दोनों में से एक को भी उसके घर का रास्ता नहीं आता था।
13. वे दोनों वायलिन बजाते हैं पर उनमें से एक को भी बांसुरी बजानी नहीं आती।
14. दोनों आदमी ईमानदार थे।
15. ये दोनों व्यापार-प्रस्ताव अच्छे लग रहे हैं।

Key 51

1. वह अपनी मित्र से कहीं अच्छा गाती है।
2. हमारा कुत्ता हमारे पड़ोसियों के कुत्तों से कहीं ज्यादा खूंखार है।
3. यह घर उतना बड़ा नहीं जितना वह वाला।
4. वह घर इसवाले से बड़ा है।
5. रानी की हिन्दी दिन पर दिन सुधर रही है।
6. कन्याकुमारी का सूर्यास्त सब से सुन्दर होता है।
7. आपसी घृणा सब से बुरी चीज़ है।
8. धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए सब से ज़्यादा हानिकर है।
9. सड़क का यह भाग इतना ढालू है कि रिक्शेवाले हाँफ़ने लगते हैं।
10. घर इतना गन्दा था कि मुझे उसे ठीक करने में हफ़्तों लगे।
11. बनारस इतना पुराना शहर है कि कोई नहीं जानता यह कब पहले-पहल बसा।
12. मेरे अधिकारी इतने मितभाषी व्यक्ति हैं कि कोई उनके साथा एक घण्टा भी नहीं गुज़ार सकता।
13. यह पोशाक तुम्हारे पहनने के लिए बहुत ज़्यादा बड़ी है।
14. यह संदूक किसी के भी उठाने के लिए बहुत ज़्यादा भारी है।
15. यह पोशाक दावत (में पहनने) के लिए पर्याप्त सुन्दर है।
16. हिन्दी भाषा इतनी सरल है, कि इसे सब सीख सकते हैं।

Key 52

1. युवती नाचते हुए गा रही थी।
2. कुत्ता भौंकता हुआ चोर का पीछा कर रहा था।
3. वह बेंच पर बैठा-बैठा चाँद की ओर देख रहा था।
4. मेरी बेटी हमेशा संगीत सुनते-सुनते पढ़ती है।
5. वह पीते-पीते अपने प्रशंसकों की ओर गया।
6. वह घण्टों मंत्रोच्चारण करते हुए नदी में स्नान करती है।
7. हम दूरदर्शन पर ख़बरें देखते-देखते शतरंज खेल सकते हैं।
8. मैं सुबह से पढ़ते-पढ़ते थक गई हूँ।
9. मैं रोज़ वही घरेलू कामकाज करते-करते ऊब गई हूँ।
10. प्रबन्धक आए दिन कर्मचारियों की मांगे पूरी करते-करते तंग आ गए हैं।
11. खाते-खाते मत बोलो।
12. देखते-ही-देखते सब कुछ बिक गया।
13. देखते-ही-देखते भीड़ तितर बितर हो गई और मैदान ख़ाली हो गया।
14. कार 'ट्रक' से **भिड़ते-भिड़ते बची।**
15. किरन **मरते-मरते बची।**
16. मेरी बाँह **टूटते-टूटते बची।**
17. घर **जलते-जलते बचा।**
18. पुल को गिरे हुए लगभग तीन साल हो गए हैं।
19. मुझे बौद्धधर्म का अनुयायी बने हुए दस वर्ष हो गए हैं।
20. बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को स्थापित हुए बयासी वर्ष हो गए हैं।
21. मुझे अपना देश छोड़े हुए महीनों हो गए हैं।
22. आपके परिवार को खेती करते हुए कितना समय हो गया है?
23. माँ को गंगा में सुबह सुबह स्नान करते हुए सालों हो गए हैं।

Key 53

1. हो सकता है वह झूठ बोल रही हो।
2. हो सकता है वे दूरदर्शन देख रहे हों।
3. हो सकता है उसे दावत में न बुलाया गया हो।
4. हो सकता है वह दिवा-स्वप्न देख रहा हो।
5. हो सकता है कल तक नदी में बाढ़ आ जाए।
6. हो सकता है मै शादी में उपस्थित न हो सकूँ।
7. शायद माँ इसके बारे में जानती हैं/हों।
8. शायद वह अध्यापक है।
9. शायद वे सिनेमा देखने गए हैं।
10. शायद बच्चे खेल के मैदान में थे।
11. शायद हम आज गोष्ठी में मिलें।
12. शायद मैं भोजन के उपरान्त बैंक जाऊँगी/जाऊँ।
13. ऐसा हो सकता हे कि श्री शर्मा जी हमें अगले सत्र में योरूप का इतिहास पढ़ाएँ।
14. संभवता वह अपनी शादी के लिए गुलाबी पोशाक बनवा रही है।
15. धुंध के कारण गाड़ी रद्द कर दी जाने की संभावना है।
16. यह सम्भव नहीं कि वे निकट भविष्य में भारत लौटें।
17. यह संभव नहीं कि रीना ने अपनी नानी के पैसे चुराए हों।
18. हो सकता है राजन की बस छूट गई हो।

Key 54

1. जो पुस्तकें रानी ने तुम्हें दी हैं, बहुत उपयोगी हैं।
2. हम उसे क्या उपहार दें, जिसे वह सचमुच पसन्द करे।
3. जिस घर में वे रहते हैं, वह बहुत बड़ा है।
4. जिस आदमी ने आप को यह पत्र दिया, उसका नाम शिवलाल है।

5. मैं जिन लड़कियों से बात कर रही थी, वे मेरी सहपाठिनें हैं।

6. जो भी तुम्हें देखेगा, प्रसन्न होगा।

7. तुम जो भी कहोगे, मैं करूँगा।

8. जो कुछ तुम पसन्द करो, मैं तुम्हें ख़रीद दूँगा।

9. जो कोई भी आए, उसे वापस भेज देना।

10. आपको जब सुविधा हो, हम मिल सकते हैं।

11. मैं जहाँ भी गया, उसने मेरा पीछा किया।

12. वह बूढ़ा आदमी, जो रोज़ सुबह हमारे घर के पास से गुज़रता था, आज मर गया।

13. जिस डाकू ने कल रात को बैंक लूटा, पकड़ लिया गया है।

14. कृपया मुझे उस रंग करनेवाले से मिला दीजिए जिसने आपका फाटक रंगा।

15. जिस आदमी ने मेरा दूरदर्शन यंत्र ठीक किया, वह इस समय शहर में नहीं है।

16. क्या आप उस युवती का नाम जानती है, जिसने फ़िल्म में अभिनेत्री का काम किया।

17. मेरी मित्र जो अगले महीने नार्वे से आ रही है, वह भारत में साधुओं के जीवन पर शोध करेगी।

18. जिस अधिकारी से आप मिलना चाहते/चाहती हैं, वह आज दफ़्तर नहीं आया।

19. जिस बूढ़े आदमी ने तुम्हें अभी-अभी आशीर्वाद दिया, वे मेरे श्वसुर हैं।

20. जिस आदमी से उसकी शादी हो रही है, वह बहुत बड़ा विद्वान है।

21. मुझे लगता है, मैंने उस आदमी को धोखा दिया जो मेरे प्रति सदैव उदार था।

Key 55

1. आजकल प्रदूषण के कारण दिल्ली रहने काबिल नहीं है।

2. यह घर ख़रीदने काबिल नहीं।

3. यह समस्या चिन्ता करने लायक नहीं।

4. कुशीनगर देखने लायक स्थान है।

5. क्या यह व्यापार पूंजी-निवेश करने योग्य है?

Key 56

1. क्या आप को तैरना आता है?

2. उसे भारतीय खाना बनाना नहीं आता।

3. मुझे जर्मन भाषा आती है।

4. आपको क्या-क्या आता है?

5. मैं उसे अच्छी तरह जानती हूँ।

6. रानी टंकण करना जानती है।

7. क्या वह कार चलाना जानती है?

Key 57

1. मुझे आकाश में कुछ चिड़ियाँ उड़ती हुई दिखाई दे रही हैं।

2. अर्जुन को सिर्फ़ मछली की आँख दिखाई दे रही थी।

3. कुछ नावें हमारी ओर आती हुई दिखाई दे रही थीं।

4. हमें तट की ओर बढ़ती हुई समुद्री लहरें दिखाई दे रही थीं।

Key 58

1. हमें पड़ोस से ऊँची ऊँची आवाजें सुनाई दे रही थीं।

2. क्या आपको कुछ सुनाई दे रहा है?

3. मुझे रात-दिन मंदिर की घंटियों और मस्जिद की नमाजों की आवाजें सुनाई देती हैं।

4. अचानक उसे किसीके पैरों की आहट सुनाई दी।

Ex. 59

1. सविता अपनी माता जी **जैसी लगती है**।
2. गणित मुझे बहुत **कठिन लगता** है।
3. मुझे देहात का जीवन **अच्छा लगता** है।
4. छोटे बच्चों को दिन में कई बार **भूख लगती** है।
5. आजकल यहाँ दो कमरे का मकान किराए पर लेने के लिए एक महीने के दो हजार **रुपए लगते** हैं।
6. यहाँ से रेलगाड़ी से बम्बई पहुँचने में कितने **घण्टे लगते** हैं।
7. शनिवार को हमारे इलाके में सब्ज़ी **बाज़ार** लगता है।
8. अनिल तुम्हारा **कौन** लगता **है**?
9. अनिल मेरा चचेरा **भाई लगता** है।

10. बनारस में मेरा **मन** नहीं **लगता** है।

11. कल दंगे में दो विद्यार्थियों को **गोली लग** गई।

12. मुझे उसका स्वभाव बहुत **अच्छा लगा**।

13. आपको उनका व्यवहार **कैसा लगा**?

14. हमारा घर डाकघर से **लगा हुआ** है।

15. आजकल दिल्ली में **पुस्तक प्रदर्शनी** लगी हुई है।

16. मेरे बाग़ीचे में इस समय बहुत गुलाब के **फूल लगे** हुए हैं।

17. राम को **जुकाम** लग गया है।

18. मुझे पिछले साल गर्मी में **लू** लग गई थी।

19. इस समय मैं **काम** में लगी हूँ।

20. जब मैं शर्मा जी के यहाँ पहुँची, वे अपनी **'कार'** धोने **में लगे** (हुए) थे।

Glossary: UNIT – 1

अंतर्देशीय	(adj.) inland
अँधेरा	(m.) darkness
अकेला, अकेले, अकेली	(adj.) alone, by oneself
अक्सर	(adv.) often
अख़बार	(m.) newspaper
अगर	(conj.) if
अगला, अगले, अगली	(adj.) next
अड्डा	(m.) stop
अड्डा (हवाई)	(m.) airport
अट्ठारह	(adj.) eighteen
अत्रेय	name
अधिक	(adj.) more
अधिकांश	(adj./n.) greater part
अधिकारी	(m.) official
अध्यापक	(m.) teacher
अनादर	(m.) disrespect
अनियंत्रित	(adj.) uncontrolled
अनिश्चित	(adj.) uncertain
अनुमति	(f.) permission
अनुमान	(m.) guess
अनुमान लगाना	(v.t.) to guess
अनुवाद	(m.) translation
अनुशासन	(m.) discipline
अनुशासित	(pp.) disciplined
अनुशासनहीन	(adj.) indisciplined
अनुशासनहीनता	(f.) indiscipline
